Bareilly Monday,
15 July 2019
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - 2/-
Outside Bareilly City - 3/-
Pages 12

दैनिक जागरण
inext
Page NO :06 TOP

पुरस्कार पाकर खिले विजेता टीम के चेहरे.

अभिनव व सुहाना के सिर विजेता का ताज

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (14 July): एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में चल रहे प्रदेश स्तरीय द्वितीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट-2019 का संडे को समापन हो गया. इस दौरान एकल पुरुष फाइनल मुकाबला गाजियाबाद के अभिनव केलवाल व एकल महिला वर्ग में मुरादाबाद की सुहाना ने बाजी मारी. एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने विजेता खिलाड़ियों को 70 हजार रुपये के नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया. इस मौके पर यूपीटीटीए के सचिव अरुण कुमार बनर्जी, बरेली टीटी एसोसिएशन सचिव डॉ. दीपेंद्र कमथान आदि मौजूद रहे.

मैराथन में किया पराजित

एकल पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में गाजियाबाद के अभिनव ने आगरा के आशुतोष कुमार सिंह को और सहारनपुर के अंश सब्बरवाल ने गाजियाबाद के विभोर गर्ग को हराकर फाइनल में जगह बनाई. फाइनल मैच में अभिनव ने अंश को 11-5, 1-3, 9-11, 11-9, 11-8 के मैराथन मुकाबले में हराया. वहीं, एकल महिला वर्ग में मुरादाबाद की सुहाना ने प्रयागराज की तनु गुप्ता और गाजियाबाद की राधाप्रिया गोयल ने प्रयागराज की पूजा सिंह को शिकस्त देकर सेमीफाइनल में पहुंची. फाइनल मुकाबले में सुहाना ने राधाप्रिया को 11-5, 11-9, 11-8 से हराया.

सुहाना ने बाजी मारी

मुरादाबाद की सुहाना ने राधाप्रिया को 11-9, 11-5, 7-11, 11-6 से हराकर यूथ गर्ल्स का फाइनल मुकाबला भी जीता. जूनियर गर्ल्स के फाइनल में सुहाना ने फिर राधाप्रिया को हराकर जीत हासिल की. यूथ ब्वायज खिताब पर गाजियाबाद के पार्थ मिश्रा ने कब्जा जमाया. फाइनल मुकाबले में पार्थ ने अपने ही शहर के विभोर गर्ग को पहले सेट में हराया और 8-11, 11-6, 9-11, 11-7, 11-9,11-7 से खिताबी मुकाबला जीता. जूनियर ब्वायज फाइनल में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गौतमबुद्ध नगर के सार्थ मिश्रा को 12-10, 11-4, 10-12, 11-2 से हराया.

गाजियाबाद बनी विजेता

सब जूनियर, कैडेट ब्वायज व गर्ल्स वर्ग में गाजियाबाद ने बाजी मारी. ब्वायज वर्ग में गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा ने अपने ही शहर के शिवम चंद्रा को 14-12, 11-9, 12-14, 11-9 से हराया. सब जूनियर गर्ल्स में प्रयाग की अंबिका गुप्ता ने गाजियाबाद की अनिका गुप्ता को 6-11, 11-7, 11-8, 11-9 से मात दी. कैडेट ब्वायज के फाइनल में गाजियाबाद के अक्षित भाटिया ने लखनऊ के दर्श श्रीवास्तव को 11-9, 11-7, 11-5 से हराकर खिताब अपने नाम किया. कैडेट गर्ल्स वर्ग के मुकाबलों में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने गाजियाबाद की ही अनिका गुप्ता को 8-11, 11-6, 11-13, 11-8, 1-9 से हराकर जीत दर्ज की.